**प्रेस नोट**
**दिनांक 29.10.2024**

**भारत की एकता के शिल्पकार लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की स्मृति के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित समस्त अधि0/कर्मचारीगणों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता व सुरक्षा की शपथ दिलाई गयी–**

गोण्डा। आज दिनांक 29.10.2024 को राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की स्मृति के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। महोदय द्वारा समस्त अधि0/कर्मचारीगणों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि स्वतंत्रता की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों में से एक सरदार बल्लभ भाई पटेल एक भारतीय बैरिस्टर और राजनेता थे जो ''सरदार पटेल'' के नाम से लोकप्रिय थे जिन्होने देश के स्वतंत्रता संग्राम तथा राजनीतिक एकीकरण और 1947 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान गृहमंत्री के रूप में कार्य करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गयी थी। जिन्होने राष्ट्रहित हेतु अपना जीवन समर्पित किया। सरदार पटेल के ही अथक प्रयासों का परिणाम था कि भारतीय संघ में, भारत की सभी रियासतों का सफलता पूर्वक विलय करा लिया गया। महोदय द्वारा उनके अनमोल विचारों को दोहराते हुए कहां गया कि **''हर एक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह यह अनुभव करे की उसका देश स्वतंत्र है और उसकी स्वतंत्रता की रक्षा करना उसका कर्तव्य है।''** इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत द्वारा पुलिस कार्यालय पर सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इसी प्रकार जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी अपने कार्यालय व समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने–अपने थानो पर अधि0/कर्मचारीगणों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए शपथ दिलाई गई।

**इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री शिल्पा वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 29.10.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में ''सरदार बल्लभ भाई पटेल के जयंती के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में रन फॉर यूनिटी का हुआ आयोजन–**

**राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों ने बढ–चढकर प्रतिभाग कर राष्ट्रीय एकता के लिए लगायी गयी दौड़–**

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में सरदार बल्लभ भाई पटेल के जयंती ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी का हुआ भव्य आयोजन हुआ। महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में हरी झण्डी दिखाकर रन फॉर यूनिटी का शुभांरभ किया गया। जिसमें पुरूष/महिला पुलिस कर्मियों ने बढ–चढकर प्रतिभाग कर राष्ट्रीय एकता के लिए दौड़ लगायी गयी। रन फॉर यूनिटी पुलिस लाइन से होकर कचहरी, अंबेडकर चौराहा व यातायात कार्यालय होते हुए वापस पुलिस लाइन में समापन हुई। महोदय द्वारा सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उन्होने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित कर दिया। उनका संपूर्ण जीवन हमें राष्ट्र सेवा की प्रेरणा प्रदान करता है। रन फॉर यूनिटी का आयोजन इसी उद्देश्य से किया गया है कि प्रत्येक नागरिक के भीतर एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना जागृत हो। यूनिटी और इंटेग्रीटी की भावना केवल एक विचार नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय का परम कर्तव्य है। यह एक सामान्य दौड़ नहीं, बल्कि यह हमारें देश की एकता और अखण्डता को मजबूती प्रदान करने का एक माध्यम है। इसी प्रकार जनपद के समस्त थानों पर भी रन फॉर यूनिटी के तहत दौड़ का आयोजन कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

**इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 29.10.2024**

## थाना को0 नगर पुलिस द्वारा गाली–गुप्ता देते हुए जानमाल की धमकी देने के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद पिस्टल बरामद–

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी गोण्डा श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री सौरभ कुमार वर्मा के नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त विष्णुदत्त पाठक उर्फ राजाबाबू पुत्र रामनिवास नि0 ग्रा0 खैरा कुम्भनगर थाना को0 नगर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर लिया गया।

## घटना का संक्षिप्त विवरण–

दिनांक 28.10.2024 को वादी करूणेश मिश्रा पुत्र स्व0 कमलेश मिश्रा नि0 लक्ष्मनपुर थाना को0 नगर जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0 नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि विपक्षी विष्णुदत्त पाठक उर्फ राजाबाबू द्वारा अपने 03 अन्य साथियों के साथ मेरे क्लीनिक में आकर पैसे की लेन–देन की बात को लेकर गाली–गुप्ता देते हुए मारा–पीटा गया है तथा सिर पर पिस्टल तान कर जान से मारने की धमकी दी गयी है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें थाना को0 नगर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी अभियुक्त विष्णुदत्त पाठक उर्फ राजाबाबू को गिरफ्तार कर 01 अदद देशी पिस्टल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## गिरफ्तार अभियुक्त–

01. विष्णुदत्त पाठक उर्फ राजाबाबू पुत्र रामनिवास नि0 ग्रा0 खैरा कुम्भनगर थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

## बरामदगी–

01. 01 अदद देशी पिस्टल 32 बोर।

## पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0स0–820/2024 धारा 115(2),352,351(3) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

## गिरफ्तार कर्ता टीम–

01. व0उ0नि0 ब्रह्मनन्द सिंह मय टीम।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 29.10.2024**

**थाना कोतवाली नगर साइबर हेल्प डेस्क द्वारा पीडित के फ्रॉड गयी 2,53,841/- रूपये कराए गए वापस, पैसे वापस मिलने पर पीडित के चेहरे पर लौटी मुस्कान, पीडित ने गोण्डा पुलिस को किया धन्यवाद:-**

जनपद गोण्डा में साइबर फ्रॉड अपराध की रोकथाम के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के मार्गदर्शन में थाना को0 नगर की साइबर हेल्प डेस्ट टीम द्वारा पीड़ित के फ्रॉड गयी धनराशि को सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए धनराशि **2,53,841/-** (दो लाख तिरपन हजार आठ सौर इक्तालिस रू0) पीड़ित के खाते में वापस करायी गयी।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

आवेदक शेर बहादुर सिंह नि0 खैरा नई बस्ती थाना को0 नगर जनपद गोण्डा द्वारा फ्राड कॉल पर विश्वास करके इन्वेस्टिंग के लालच में आकेर रू0 ट्रांसफर कर दिए गए थे। साइबर फ्रॉड ठगी के उपरान्त आवेदक द्वारा इसकी शिकायत को0 नगर साइबर हेल्प डेस्क के समक्ष की गयी थी। जिसपर थाना को0 नगर की साइबर हेल्पडेस्क टीम द्वारा जनपदीय साइबर सेल टीम से समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए पीड़ित के 2,53,841/- रू0 की धनराशि वापस करायी गयी। पीड़ित द्वारा अपने रूपये वापस पाकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय व साइबर सेल टीम को धन्यवाद दिया गया।

**नोट- साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर सूचना अंकित कराये, सूचना विलम्ब से देने पर साइबर अपराधियों द्वारा धन निकाल लिया जाता है। धन निकलने के उपरान्त पैसे वापस होने की सम्भावना बहुत कम होती है। लोगो को साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओ0टी0पी0, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। फ्रॉड ट्रांजेक्सन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं थाना पर गठित साइबर सेल को सूचना दें एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएँ।**

**साइबर सुरक्षा टिप्स-**

01. ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतें
02. किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें।
03. सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।
04. अनजान लिंक्स पर क्लिक न करें।
05. अपने डिवाइस को सुरक्षित रखें।
06. ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित वेबसाइट्स का उपयोग करें।
07. पासवर्ड को मजबूत और गुप्त रखें।
08. ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें।
09. साइबर बुलिंग और साइबर स्टॉकिंग के मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करें।
10. ऑनलाइन उत्पीड़न के मामलों में कंपनी प्रबंधन और पुलिस को सूचित करें

**साइबर हेल्प डेस्क टीम**

01. उ0नि0 उदित कुमार वर्मा(नोडल अधिकारी)
02. आ0 पंकज कुमार (साइबर पोर्टल संचालक)
03. म0आ0 शिवनी तिवारी (साइबर पोर्टल संचालक)

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**<u>प्रेस नोट</u>**

**<u>दिनांक 29.10.2024</u>**

**<u>दीपोत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत शांति सुरक्षा व्यवस्था-</u>**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा अयोध्या में आयोजित भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम को सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु गोंडा-अयोध्या बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था का लिया गया जायजा तथा चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था हेतु संबंधित को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश**

**आज दिनांक 29.10.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अयोध्या में आयोजित भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम को सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु गोंडा-अयोध्या बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा** गोण्डा अयोध्या बार्डर क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर आमजन से शांति सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में वार्ता की गयी।

महोदय द्वारा बताया गया की अयोध्या में आयोजित भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम के दृष्टीगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु **स्थानीय अभिसूचना इकाई के द्वारा हैण्ड हेल्ड मेटेल डिटेक्टर के माध्यम से व डॉग स्क्वायड द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/बस्तुओं एवं वाहनों की जगह- जगह चेकिंग करायी जा रही है।** गोण्डा-अयोध्या बार्डर व सीमावर्ती क्षेत्र/गाँवों में ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी कर अराजकतत्वों/संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। ड्रोन कैमरो (तीसरी आखं) से अयोध्या बार्डर/सीमावर्ती क्षेत्रों के भवनों, प्रतिस्थानों, संदिग्ध स्थानों पर निगरानी की जा रही है। साथ ही साथ लगातार नवाबंगज पुलिस द्वारा गोण्डा-अयोध्या बार्डर, कटरा रेलवे स्टेशन, सरयू सीमावर्ती क्षेत्रो में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जा रही है। गाँवों में भ्रमण के दौरान लोगो से वार्ता कर किसी भी नये व्यक्तियों के आने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा बिना पुलिस सत्यापन के नही रखने हेतु हिदायत किया ज रहा है। गोण्डा-अयोध्या बार्डर सीमा के आस-पास होटलों, ढाबों, दुकानों आदि की सघनता से चेकिंग व रूट डायवर्जन कर कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स लगा दिया गया है तथा पुराने सरयू पूल पर आवगमन पूर्णतः बन्द कर दिया गया है। गोण्डा पुलिस गोण्डा अयोध्या सीमावर्ती किनारों की चेकिंग कर शान्ति एंव सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी निगरानी की जा रही है। **साथ ही साथ सभी से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार के आपसी सौहार्द खराब करने वाले वीडियो पोस्ट/शेयर करने से बचे, सोशल मीडिया मानिटरिंग सेन्टर की स्पेशल टीम द्वारा लगातार सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म (ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप ग्रुप आदि) की निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट/शेयर करने वालों के विरुद्ध गोंडा पुलिस द्वारा कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।**

**<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 29.10.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा आगामी त्योहारों धनतेरस/दीपावली/भाईदूज/छठपूजा को सकुशल संपन्न कराने हेतु वजीरगंज कस्बा क्षेत्रान्तर्गत भीड़ भाड़ वाले आदि स्थानों पर पैदल गस्त कर आमजनमानस से वार्ता कर कराया गया सुरक्षा का एहसास, संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश**

गोण्डा। आज दिनांक 29.10.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद में आगामी त्यौहारों धनतेरस, दीपावली, भाईदूज, छठपूजा जैसे प्रमुख त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने तथा जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ थाना वजीरगंज के कस्बा व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त कर आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया। महोदय द्वारा जनसंवाद कर शासन के द्वारा जारी गाइडलाइनों से सभी को अवगत कराया तथा सभी से आपसी भाईचारा, शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने व शांतिपूर्वक त्योहारों को मनाने की अपील की गई साथ ही बताया गया कि आगामी पर्व (धनतेरस, दिवाली, छठपूजा )के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजार, कस्बा, चौराहों आदि महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सतर्कता रखते हुए सुरक्षा हेतु प्रभावी प्रबन्ध किए गए है तथा पर्याप्त संख्या में पुरूष/महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है। संवेदनशील स्थलों पर सी0सी0टी0वी0/ड्रोन कैमरों की व्यवस्था की गयी है। आवागमन के मार्गो, संवेदनशील स्थलों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों तथा धार्मिक स्थलों के आस-पास प्रभावी मोबाइल पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गयी है। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा थानाध्यक्ष वजीरगंज को निर्देशित किया गया कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु प्रत्येक चौक, चौराहों व यातायात बिंदु पर पुलिस बल को तैनात करें, जिससे यातायात बाधित न हो सकें।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**